
तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

11 घरफूंक थियेटर सीरीज में हुआ हाय हैंडसम

12 सैमाण गांव में टूटा पड़ा है बाइपास रोड, पशुओं के ...


## शहर में आज

- ⏭ रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- ⏭ अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- ⏭ परिवेदना समिति की मीटिंग में समस्याएं सुनेंगे कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

## खबर संक्षेप

### मंत्री पंवार आज दो कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**रोहतक।** खनन एवं भूविज्ञान, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार 19 मई को दो अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मंत्री कृष्ण लाल पवार प्रातः 11 बजे जिला विकास भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परियोजना समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2:30 बजे गांव भैंसरू खुर्द में शहीद सैनिक स्वतंत्रता सेनानी गौरव स्थल का शुभारंभ करेंगे।

### महम में दुकान के सामने से बाइक चोरी

**महम।** कस्बा महम के भिवानी स्टैंड के पास स्थित एक दुकान के सामने से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। महम शहर चौकी में पुलिस को दी शिकायत में भिवानी जिले के सैय गांव निवासी भूपेंद्र पुत्र धर्मबीर ने बताया कि वह सुबह अपना डीलक्स मोटर साइकिल लेकर महम आया था। यहां पर उसने भिवानी स्टैंड पर शांति अस्पताल के पास परांठा जंक्शन पर अपनी मोटर खड़ी की थी। यहां बाइक खड़ी करके वह दुकान पर सामान लेने चला गया। 11 बजे जब वह वापस आया तो उसे उसकी मोटर साइकिल वहां पर नहीं मिली। कोई अज्ञात व्यक्ति की उसकी बाइक चोरी करके ले गया। बाइक चोरी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उसकी बाइक वापस दिलाई जाए।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने विजय नगर निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।



जिनको दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी सीआईए-2 स्टाफ एसआई सतीश कुमार ने बताया कि विजय नगर निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज किया गया है। 9 मई 2025 को नवीन अपने दोस्त लक्ष्य के साथ किसी निजी काम से बाजार के लिये निकला।

## डिप्टी स्पीकर डॉ. मिड्ढा ने डीएलएफ कॉलोनी में बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल परिसर में डायलिसिस सेंटर का किया उद्घाटन

# संत-महात्मा ज्ञान, प्रेम और करुणा बांटकर जीवन को सरल बनाने का करते हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा है कि संत-महात्मा ज्ञान, प्रेम और करुणा बांटकर आमजन का जीवन सरल बनाने का काम करते हैं। डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा रविवार को डीएलएफ कॉलोनी में बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल परिसर में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित साध-संगत को संबोधित कर रहे थे। संत महात्मा अपने विचारों और आचरण से दूसरों को प्रेरित कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। वे जरूरतमंदों की सेवा करते हैं और गरीबों की मदद करते हैं। डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी (जम्मू-कश्मीर) के गद्दीनसीन बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी भी समाज में एक संत होने का अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा सोढ़ी द्वारा समाज सेवा के निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

### डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर



**रोहतक।** बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल परिसर में डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करते हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, हांसी के विधायक विनोद भ्याना पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी । फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अजय बंसल, राजू सहगल, पूर्व सांसद शादी लाल बत्तरा, मनोज मक्कड़, पवन आहुजा, संजय आहुजा, कपिल नागपाल, रोहतक कैमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र रूबी चावला, ट्रस्ट प्रधान राजेश मक्कड़, रमेश भाटिया, सन्नी हंस, दीपू नागपाल, अनीता मिगलानी, ईश्वर सिंगल, विकास बंसल, अशोक खुराना, राजेंद्र बंसल, सुरेश मुंझाल, सरदार राम सिंह हंस, जीडी जावा, सरदार सुरजन सिंह चावला, प्रेम धींगड़ा, हरीश जावा, इंद्रपाल, तिलक खुराना, सुभाष आहुजा, दर्शन रेवड़ी, अमर अरोड़ा, इंद्र कथूरिया, धीरज भ्याना, गर्वित सचदेवा, नवीन जावा, अमित गिरोत्रा, गुलशन पाहवा, मदन गुलाटी, राधेश्याम ढल, प्रीतम भ्याना, चरणजीत खट्टर व सरदार कुलविंदर सिक्का सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजद थे।

### बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी कथन को जीवन में अपनाएं

कार्यक्रम में हांसी के विधायक विनोद भ्याना ने कहा कि हरेक नागरिक को अपने जीवन में बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी के इस कथन को अपनाना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि जीवन में कोई भी बुरा कार्य न करें। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर पौधारोपण व रक्तदान जैसे सराहनीय कार्य किया जा रहे हैं। ट्रस्ट ने आमजन की सुविधा के लिए डायलिसिस केंद्र की स्थापना की है। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि कितने ही अस्पताल हो लेकिन इसके बावजूद भी स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत बनी रहती है।

### दलित ने ही दलित को चोट पहुंचाई

डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने जींद की घटना को लेकर कहा कि दलित ने ही दलित को चोट पहुंचाई है। एक दलित अधिकारी द्वारा बिना किसी नोटिफिकेशन और बिना किसी ऑर्डर के दलितों को प्रताड़ित किया गया, वह गलत है। किसी अधिकारी को ऐसा नहीं करना चाहिए।

### यू-ट्यूबरों के लिए होने चाहिए कानून

विधानसभा डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि यू-ट्यूबर को लेकर कानून होना चाहिए। विधानसभा में भी जिक्र किया था कि यू-ट्यूबर की कोई मर्यादा नहीं होती, कुछ भी पूछते हैं। देश में इतना बड़ा हादसा हुआ, ऐसे यू-ट्यूबरों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए नियम व कानून जरूर होने चाहिए। जो पकड़े गए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बारे में सीएम से भी बात करेंगे।

## सदन की हुई बैठक में मेयर के खिलाफ थे 10 पार्षद

# कमेटी गठित नहीं, शौचालयों व नालों का नए सिरे से होने वाला टेंडर अधूरा

- जब तक सदन की बैठक नहीं होगी तब तक कमेटी गठन को लेकर भी निर्णय नहीं लिया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वित्त कमेटी गठित न होने पर शहर के विकास कार्यों पर रोक लगी हुई है। क्योंकि कमेटी के गठित न होने पर यह सब अटका हुआ है। विकास कार्यों को लेकर होने वाले नए टेंडर तक पूरे नहीं हो पा रहे। इन हालात में जिला विकास भवन में सदन की बैठक भी बुलाई गई थी। लेकिन उसमें भाजपा के 10 पार्षद ही भाजपा के मेयर रामअवतार वाल्मीकि के खिलाफ हो गए थे। उनका आरोप था कि कमेटी गठित करने पर उनसे राय नहीं ली गई है, और एक पार्षद द्वारा यह कहा गया कि यहां या तो आराम से बैठो या फिर बाहर चले जाओ। इसके बाद पार्षद नाराज हो गए थे। नगर निगम में वार्ड वाइज 1-1 करोड़ के विकास कार्य भी होने है। लेकिन जब तक वित्त कमेटी नहीं बनेगी तब तक इन विकास कार्यों के लिए नए सिरे से होने वाले टेंडर भी सिरे नहीं चढ़ पाएंगे। अगर निगम आयुक्त की बात करें तो उनके पास भी 50 लाख रुपये तक के कार्य मंजूर करने का अधिकार है। जब तक सदन की बैठक नहीं होगी तब तक कमेटी गठित को लेकर भी निर्णय नहीं लिया जा सकता। हालांकि इसके लिए जल्द ही सदन की बैठक भी बुलाई जा सकती है। जिसमें यह सब निर्णय लेकर विकास कार्यों को शुरू किया जा सकता है।




### दोबारा सदन की बैठक बुलाई जाएगी



अब दोबारा से जल्द ही सदन की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें सभी से राय ली जाएगी। सभी की सहमति से ही यह कमेटियां गठित की जाएगी। शहर के विकास कार्यों को नहीं रूकने देंगे। वार्डों में भी विकास कार्य निरंतर चलते रहेंगे। ताकि आमजन को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। **-रामअवतार बाल्मिकि**, मेयर, नगर निगम

### यह हुआ था पिछली सदन की बैठक में

नगर निगम के सदन में पिछले शुक्रवार को हुई बैठक में भाजपा के पार्षद ही आपस में भिड़ गए। चार एडहॉक कमेटियों के गठन को लेकर सलाह न लेने से नाराज 10 पार्षद बैठक छोड़कर बाहर आ गए, जबकि दो पार्षद गैर हाजिर रहे। भाजपा के ही मेयर बाहर आए और बोले, बैठक छोड़कर जाने वाले पार्षद किसी के मार्गदर्शन में ऐसा कर रहे हैं। अपमान किसी का नहीं हुआ।

### सदन के संचालन के लिए चार कमेटियां जरूरी

नगर निगम एक्ट के तहत सदन के संचालन के लिए चार कमेटियों का गठन किया जाता है, जिसमें वित्त कमेटी, सड़क व भवन कमेटी, सुंदरता एवं सफाई कमेटी व पेयजल व सीवरेज कमेटी है। इसमें वित्त कमेटी सबसे अहम होती है, जो नगर निगम के वित्त संबंधी प्रस्ताव पास करके सदन के सामने रखती है। लेकिन बैठक में हंगामा होने के बाद सब बैठक छोड़कर बाहर आ गए।

## जुए के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी में 13 लोग काबू

**सांपला।** पुलिस ने कस्बे में छापेमारी कर जुआ खेलने के अड्डे का पर्दाफाश किया है। ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे 13 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 10.30 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सांपला स्थित श्रीराम अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में छापा मारकर 13 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों दबोचा। जिनके पास से 4 रजिस्टर और एक पैन बरामद किया। रजिस्टर में पैसों के लेन-देन और सट्टे की जानकारी पाई गई। पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें हरियाणा और राजस्थान के लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इस पुरानी बिल्डिंग में जुआरी नोटों की गड्डी रखकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने जब रेड मारी तो वहां 500-500 के नोटों के बंडल मिले, जिन्हें गिनने पर करीब 10 लाख 30 हजार रुपए मिले। पुलिस ने नोटों के बंडलों को जब्त कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को सूचना मिली थी कि अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में जुआ चल रहा है।

## मृतक के पास कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला


# जींद के रहने वाले पीजीआई डॉक्टर ने किया सुसाइड, पंखे से लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के मॉडल टाउन में किराये के मकान में रहने वाले एक डॉक्टर ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, डॉ. मंदीप जांगड़ा एमबीबीएस थे। जो पीजीआई में प्रेक्टिस करते थे। डॉ. मंदीप मॉडल टाउन में सुरेंद्र कुमार के मकान में किराये पर रहते थे। दोपहर के समय डॉक्टर मंदीप ने कमरे की छत पर लगे पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने के पीछे का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### कारणों का खुलासा नहीं

पुलिस ने बताया कि डॉ. मंदीप जांगड़ा जींद के पटियाला चौक के रहने वाले हैं, जो एमबीबीएस करने के बाद रोहतक में ही किराये के मकान में रहते थे। डॉक्टर ने फंदा लगाकर आत्महत्या क्यों की, इसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच कर रही है। मौके पर एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि मॉडल टाउन में एक युवक के फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई डेड हाउस भेज दिया। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया है कि मृतक मानसिक रूप से परेशान था।



**रोहतक।** मौके पर जांच करते एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया व पुलिस।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सांपला।** पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना के ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता को लेकर रविवार को भाजपा नेताओं ने कस्बे में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया है। कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कर्नल राजेंद्र सुहाग, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह यात्रा न केवल देशभक्ति का संदेश लेकर चली, बल्कि जनता को भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम और केंद्र सरकार की मजबूत नीति के प्रति जागरूक भी किया। इसमें राजेश सरकारी, संचित नांदल, वाइस चैयरमैन योगेश ओहलयाण, बिजेंदर नंबरदार, राजेश बंसल, पवन खत्री, रमेश पुनिया, रोनक मलिक, जितेंद्र, विक्की, संजीत, संदीप, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।



## सम्मान

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चमकी गांव चमारिया की अन्नु हुड्डा का भव्य स्वागत

*होनहार बेटी का उत्साह वर्धन करते हुए 1 लाख 21 हजार रुपये की राशि भेंट की गई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ऑपरेशन सिंदूर और शिक्षा क्षेत्र में लड़कियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ अब खेल जगत में भी बेटियां प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। इसी कड़ी में रोहतक जिले के गांव चमारिया की सुपुत्री अन्नु हुड्डा ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता है। गांव वासियों ने होनहार बेटी का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें 1 लाख 21 हजार रुपये की राशि भेंट की।

बता दें कि कक्षा 12वीं की छात्रा अन्नु हुड्डा गांव के रामकरण अखाड़ा की पहलवान हैं और पूर्व में भी राज्य स्तरीय अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। अन्नु, कप्तान सिंह हुड्डा की सुपुत्री हैं, जिनकी तीनों बेटियां कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। रविवार को गांव चमारिया में अन्नु हुड्डा के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। ढाका ने इस प्रतिभाशाली बेटी को 2100 रुपये नकद राशी देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि हाल ही में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में अन्नु ने पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा किया। आज की बेटियां हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकल रही हैं और समाज का मान बढ़ा रही हैं। इस अवसर पर वेदपाल हुड्डा (मीडिया प्रतिनिधि), एडवोकेट अंशुल जैन, ग्राम सरपंच सुमन स्वराज हुड्डा, वजीर, सहिराम, दिलबाग, सुभाष, सुनील, आनन्द, प्रवेश, अमन हुड्डा समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।




**रोहतक।** विजेता खिलाड़ी को सम्मान देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका। फोटो : हरिभूमि

### परिवार की तीनों बेटियां कुश्ती में निपुण

जिला अध्यक्ष ढाका ने यह भी बताया कि अन्नु की बहन ज्योति हुड्डा ने भी अंडर-20 प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस प्रकार यह परिवार कुश्ती में नई मिसाल कायम कर रहा है। इस सफलता के पीछे कोच विकास शर्मा (निवासी समरगोपालपुर) का महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। ढाका सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कोच की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## घटते लिंगानुपाल के लिए चिकित्सकों को दोषी ठहराना अनुचित

**रोहतक।** नीमा (नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन ) रोहतक ने हाल ही में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा जारी कुछ निर्देशों पर गंभीर आपत्ति जताई है। संस्था का मानना है कि किसी एक घटना या व्यक्ति के आधार पर सम्पूर्ण चिकित्सक समुदाय या किसी विशेष चिकित्सा पद्धति को दोषी ठहराना अनुचित और घोर निंदनीय है। एसोसिएशन का कहना है कि घटते लिंगानुपाल के लिए बीएएमएस चिकित्सकों को दोषी कहना अनुचित है। नीमा रोहतक अध्यक्ष डॉ सुनील खटकड़, सचिव डॉ सिद्धार्थ नांदल और कोषाध्यक्ष डॉ धर्मपाल मुद्गिल ने संयुक्त रूप से यह बयान जारी करते हुए कहा कि यदि कोई डॉक्टर, चाहे वह किसी भी पद्धति से संबंधित हो अवैध गतिविधि से संलिप्त पाया जाता है।



नीमा रोहतक अध्यक्ष डॉ सुनील खटकड़।

## वीजा लगवाने के नाम पर फ्रॉड

# 3.45 लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस की टीम ने वीजा लगवाने के नाम पर 3 लाख 45 हजार रुपये की ठगी की वारदात में एक साल से फरार चल रहे दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

प्रभारी थाना कलानौर निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि गांव पिलाना निवासी आरती की शिकायत के आधार पर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरती ने वीजा लगवाने के नाम पर जलमाना करनाल निवासी एजेंट अक्षय के खाते मे 20 हजार रुपये फाइल चार्ज के नाम पर भेजे। भुगतान करने के बाद अक्षय ने आरती के दस्तावेज पीडीएफ के माध्यम से मांगे और पासपोर्ट कोरियर करने बारे कहा। अक्षय ने आरती को बताया कि उसकी फाइल वर्क परमिट सिंगापुर दो साल के लिये लगा दी गई है। अक्षय ने आरती को अमनदीप से बात करने बारे कहा। अमनदीप ने आरती को कहा कि उसका असली पासपोर्ट कॉरियर के माध्यम से उनके पास आ चुका है। आरती का वर्क वीजा लग गया है और खाते में आरती ने 3 लाख 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये। आरती ने अमनदीप से अपना वीजा और पासपोर्ट मांगा तो कहा कि वो गुजरात है। जिसके बाद अमनदीप का मोबाइल फोन बंद आने लगा।





## भिवानी का सितारा स्मारक

हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र चुलकाना धाम

तीर्थस्थल

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**





भारत भूमि देवताओं के लिए भी दुर्लभ कही गई है तथा देवताओं के द्वारा इसकी वंदना की जाती है। इस देवधरा पर कितने तीर्थ हैं इसकी गणना करना संभव नहीं है, किन्तु भारत के प्रसिद्ध तीर्थों में जिनका नाम आता है उनमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, पंचकाशी, पंचनाथ, पंचसरोवर, नौ अरण्यक, चतुर्दश प्रयाग, सप्तक्षेत्र, सप्तगंगा, सप्तपुण्य नदियां सिद्धक्षेत्र (इक्यावन), बावन शक्तिपीठ, पचपन श्राद्ध क्षेत्र, सप्त सरस्वती, सप्तपुरियां, चार धाम आदि जाने कितने ऐसे तीर्थ स्थान हैं। जो अपने-अपने महत्व के कारण जगत प्रसिद्ध हैं।

तीर्थों के संबंध में महाभारत वनपर्व के तीर्थ यात्रा प्रसंग, स्कंध पुराण के माहेश्वर, वैष्णव, ब्रह्म, काशी, अवंती, नागर और प्रभास आदि सभी सातों खण्डों के साथ-साथ वामन पुराण, मत्स्य पुराण, नारद पुराण, ब्रह्म पुराण आदि में विशद् वर्णन प्राप्त होता है। इसी क्रम में हरियाणा के पानीपत जिले के गाँव चुलकाना जो पानीपत से लगभग 25 कि. मी. दूर है, को चुलकाना धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि सतयुग में अपनी तपस्या से विख्यात हुए महर्षि चुनकट की तपोभूमि माने जाने वाले इस स्थान का नाम उनके नाम से ही चुलकाना पड़ा। इस धाम को जहाँ भारतवर्ष की 84 प्राचीन सिद्ध पीठों में शामिल माना जाता है, वहीं यह स्थान श्री श्याम धाम के रूप में सुप्रसिद्ध है। सम्पूर्ण भारत वर्ष में श्री श्याम रूप में आराध्य वीर बर्बरीक उत्तर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में कुल देवता भी माने जाते हैं।

वर्तमान में सर्वाधित प्रचलित लोक मान्यता अथवा किंवदंतियों में कहा जाता है कि वीर बर्बरीक की अद्भुत कथा मध्यकालीन महाभारत से आरम्भ होती है। जहां वनवास के दौरान महाबली भीम का हिडिंबा से विवाह होता है और उन दोनों से एक पुत्र पैदा होता है घटोत्कच, जो महान बलशाली था। वीर घटोत्कच के शास्त्रार्थ की प्रतियोगिता जीतने पर उनका विवाह आज के असम प्रागज्योतिषपुर के राजा दैत्यराज मुर की पुत्री कामकटंककटा से हुआ। उसे मुर की पुत्री होने के कारण 'मोरवी' नाम से भी जाना जाता था। कुछ भगत कामकटंककटा को मोरवी के अलावा अहिलावती भी कहते हैं और वीर बर्बरीक को अहिलावती का लाल कहकर पुकारते हैं। चुलकाना के स्थानीय लोगों में प्रचलित किंवदंतियों के अनुसार जब वीर बर्बरीक कुरुक्षेत्र युद्ध के लिए जाते हुए मार्ग में ब्राह्मण रूपी भगवान श्री कृष्ण से मिलते हैं तो वे उन्हें कहते हैं कि आप कुरुक्षेत्र मत जाइए क्योंकि हम वहां पर आपकी बलि देने की चर्चा सुनकर आ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ एक स्त्री जिसे वह महाचंडी के नाम से पुकार रहे थे, के पैरों में पड़े गिड़गिड़ा रहे थे। वह स्त्री बहुत क्रोधित हो कह रही थीं कि मैं सबका विनाश करूंगी, तुम्हें भी खत्म करूंगी। जब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे विनाश रोकने का उपाय पूछा तो वे देवी कहती हैं कि तुम्हारे पास तीन महाबली हैं अर्जुन, श्रीकृष्ण और वीर बर्बरीक। जिनमें से किसी एक की बलि मुझे दें तो मैं आपको क्षमा कर सकती हूं, तब सभी आपकी बलि देने को राजी हो गए। इसलिए आप कृपया वहां मत जाइये और अपनी शक्ति व्यर्थ न कीजिये। जब भी तीनों लोको में कोई आपातकालीन स्थिति आयेगी तब ही अपनी शक्ति का प्रदर्शन कीजिए। बर्बरीक बोले, अब तो मैं जरूर जाऊंगा। अपने कुल का नाम रोशन करूँगा। जब भगवान की सारी नीतियां व्यर्थ हो गई तो वे बोले, 'ये रास्ता सीधा युद्धभूमि को गया है। आप जाओ और युद्ध देखो, लड़ो।'

बर्बरीक जैसे ही चलने लगे तभी बर्बरीक के मन में भाव आया कि मैंने इन ब्राह्मण को कोई उपहार तो दिया ही नहीं, तब बर्बरीक वापस मुड़े और ब्राह्मण से कहा, 'हे ब्राह्मण देवता, मैं आपको उपहार स्वरूप कोई भेंट देना चाहता हूं। तब ब्राह्मण ने कहा कि क्या आप हमें वो दे सकते हैं जो हम चाहें। बर्बरीक ने वचन दिया कि आप जो मांगेंगे वह वह आपको देने का वचन देता हूँ। तब भगवान ने वचन के बदले बर्बरीक से शीश का दान मांगा। बर्बरीक बोले, हे ब्राह्मण, मैं अपने वचन का पालन जरूर करूंगा, लेकिन आप मुझे अपना वास्तविक रूप दिखाइये। तब चुलकाना धाम की पावन पवित्र भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने वीर बर्बरीक को अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराये। विराट रूप देखकर वीर बर्बरीक ने प्रभु की खूब प्रंशसा की और शीश दान देने के लिए तैयार हुए, तभी भगवान ने कहा, आपकी कोई इच्छा हो तो मुझे बतायें। तब वीर बर्बरीक ने कहा, प्रभु शीश दान के बाद मैं युद्ध तो नहीं लड़ सकूँगा किन्तु युद्ध देखना चाहता हूँ। चुलकाना के स्थानीय लोगों के अनुसार वीर बर्बरीक के शीश का दान यहीं हुआ था। कहा जाता है, 'जहाँ दिया था शीश का दान, वो भूमि है चुलकाना धाम।' और महाभारत के युद्ध के बाद वीर बर्बरीक ने भगवान से श्याम रूप वरदान में माँगा था।

> सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं।



हालांकि महाभारत के आदि पर्व से लेकर स्कन्ध पुराण में वर्णित बर्बरीक उपाख्यान को देखने के बाद वीर बर्बरीक के बारे में जो तथ्यपरक जानकारी हमें प्राप्त होती है, वह लोक में प्रचलित मान्यताओं से कुछ अलग है। दूसरा इसी लोक मान्यता के इतर हरियाणा में ही कुछ और स्थान भी हैं जिनका संबंध वीर बर्बरीक यानी श्री श्याम से माना जाता है। चुलकाना में वीर बर्बरीक का श्री श्याम के रूप में प्राचीन मन्दिर स्थित है। इसके पास ही भव्य श्याम कुण्ड का निर्माण किया गया है। 'अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण व संवर्धन संस्थान' और मंदिर में आराधना का दायित्व निभाने वाले परिवार के अनुसार महंत उधोदेव की परंपरा में संवत 1705 में कन्हैया दास चुलकाना आये। उन्होंने शंखनाद कर चुलकाना को अपना प्रार्थना स्थल बनाया तथा श्री श्याम जी की स्थापना की। आज भी कन्हैया दास के वंशज ही मंदिर में पूजा का कार्य संभालते हैं। हालांकि अब मंदिर की देख-रेख, व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए ग्रामीणों द्वारा 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' की स्थापना भी की गयी है। विगत कुछ वर्षों में मंदिर का जीर्णोद्धार करके उसे विशाल और भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। चुलकाना एक ऐतिहासिक गांव है जहां हमें सालों पुरानी कुछ हवेली देखने को मिलती और अनेक प्राचीन मंदिर भी बने हैं। महर्षि चुनकट और बाबा लकीसर से सम्बंधित अलग मंदिर परिसर और सरोवर भी जन सामान्य के बीच आस्था का केंद्र हैं। ऐसा कहा जाता है कि वर्षों पहले यमुना नदी का बहाव चुलकाना गांव के उक्त सरोवर तक था। हजारों लोगों की आस्था को सम्मान देते हुए वर्तमान राज्य सरकार ने इस धाम के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए तीर्थ स्थल बोर्ड के गठन करने की घोषणा की है। गांव के बाहर तोरणद्वार और सड़क के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। सैकड़ों वर्षों से चुलकाना धाम पर हर वर्ष फाल्गुन मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी व द्वादशी पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में लाखों श्रद्धालु श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम रूप में विद्यमान वीर बर्बरीक के दर्शन करने के लिए आते हैं। वर्तमान में प्रत्येक महीने एकादशी व द्वादशी को हरियाणा और इसके आस-पास के राज्यों से हजारों लोग श्री श्याम दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। जबकि श्री श्याम बाबा के फाल्गुन मेले में पूरे देश से भक्तजन आते हैं। चुलकाना और आसपास के गांवों के लोग कुल देवता के रूप में भी श्री श्याम की आराधना करते हैं। आज भी चुलकाना धाम में महाभारत कालीन पीपल का वृक्ष है। यहाँ आपके लिए यह जानना और रोचक होगा कि अब चुलकाना धाम पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं के कारण स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। स्कन्ध पुराण के माहेश्वर खंड के द्वितीय उपखंड कौमारिका खंड के 66वें अध्याय के 115वें एवं 116वे श्लोक में श्री श्याम यानि वीर बर्बरीक की एक अलौकिक स्त्रोत्र से की गयी स्तुति का भावार्थ है कि 'हे विप्रगण! इस स्तोत्र द्वारा श्रावण मास में जो सुहृदय की पूजा करेगा और वैशाख कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को सैकड़ों भरे हुए दीपक जलाकर उनका स्तवन करेगा, उस पर वे (सुहृदय) प्रसन्न होंगे।'

---

रागणी **डॉ. शील कुमार**



## ऑपरेशन सिन्दूर

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

मेरी गेल्यां ब्याह करवाकै,
बणा था जीवन साथी।
बीच भंवर मै छोड़ डिगरै ग्या,
रह्या ना कोए हमाती।
रहगी अकेली तेरी नार.....

पहलगाम मैं आए थे घूमणै,
घर तै कोशों दूर।
नाम पूछकै गोली मारी,
मिटा दिया सिंदूर।
सहगी अकेली तेरी नार [redacted]

ओप्रेशन सिंदूर' चलाया,
आतंकी घबराए।
आतंकवाद की कमर तोड़ दी,
उनके घुटने टिकाए।
फहगी अकेली तेरी नार....

कोए भी नापाक हरकत,
भारत नै ना भायी।
शील पै जिसनै वार करआ,
उसनै मुंह की खायी।
कहगी अकेली तेरी नार....

आज्या नै तु नणदी के बीरा हो,
रहेगी अकेली तेरी नार।

---

कविता **राजपाल सिंह गुलिया**



## पहलम आली बात नहीं सै

भोत बदलग्या गाम आज यो , पहलम आली बात नहीं सै ,
बणे फिरैं वे टेक गाम की , जिनकै जात जमात नहीं सै .

बात -बात म्हँ छोह म्हँ भर कै , ये ठा ल्यावैं हथियारां नै
दे राख्या नाकों म्हँ धुम्मा , इब गाम गैल दो च्यारां नै ,
दारू पी कै एक लाठी तैं , हाँकें सै देखो सारां नै .
खूड बेच कै आया चिमकणा , इन टूटे ओड़ सितारां नै .
लाखां की ये बात करैंगे , दो आन्ने औकात नहीं सै .

कदे इसके अर कदे उसके , सभ के ठायां हाण्डै झंडे ,
झूठ -साँच के अपणावैं सैं , नित नए- नए ये हथकंडे .
योह जितैगा वो हारैगा , [redacted] फिरैं सैं सियासी पंडे .
दारू इनकी उतरै सै जिब , पड़ैं पुलिस के इन पै डंडे .
बिना पिटे ये घर आए हों , आयी ईसी रात नहीं सै .

लिहाज शर्म का काम रह्या न , लोग नशे के गुलाम होग्ये ,
पड़े पावैं सैं ये गालां म्हँ , ये सभतैं भुंडे काम होग्ये .
कर्जा ले कै तुरत नाट ज्याँ , किस्से ये भी आम होग्ये .
आज सहर नै परे बठावैं , इसे कसूते गाम होग्ये .
बात करैं सैं वे बरसां की , जिन धोरै घड़ी स्यात नहीं सै .

गाँधी के सपनां के गाम की , इब ये ठेके स्यान बढ़ावैं ,
ताश खेलते सारा दिन ये , रोज साँझ नै रंग जमावैं .
भूल भटक ये कदे खेत म्हँ , भी ना चक्कर मारण जावै ,
याह धरती एक्वायर होज्या , इब ये सारे न्यूं ए चाहवैं .
राजपाल गुलिया भी करता , किसै एक की बात नहीं सै .

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**रोचक** दिल्ली सीमा पर अंग्रेजों के साथ स्वतंत्रता सेनानियों की चार माह में 32 बार भिड़ंत हुई, केवल चुनिंदा देशी शासकों ने अंग्रेजों का विरोध किया

# मई माह में आरंभ हुआ था 1857 का स्वतंत्रता संग्राम




इतिहास **यशपाल गुलिया**


विद्रोह व गदर के उप नामों से जाना जाने वाला सैन्य अभियान वास्तव में प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम था। अंग्रेजों द्वारा भारतीय सैनिकों के साथ भेदभाव तथा चर्बी वाले कारतूस आदि विभिन्न कारणों से भारतीय सैनिकों में आक्रोश व्याप्त हो चुका था। यद्यपि अंग्रेज अधिकारियों के विरुद्ध विद्रोह का श्रीगणेश तो मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को कर दिया था। परन्तु वास्तविक सैन्य विद्रोह मेरठ स्थित तीसरी कैवलरी के सैनिकों ने 10 मई 1857 से किया था।

मेरठ में अंग्रेज कमांडर जनरल हैविट ने 9 मई को 85 भारतीय सैनिकों को बन्दी बना डाला था। उससे वहां स्थित शेष सैनिकों में अत्याधिक आक्रोश हो गया और उन्होंने बगावत करके अंग्रेज अधिकारियों का वध करके सभी 85 सैनिकों को रिहा करवा लिया। फिर 10 मई की शाम को ही सभी विद्रोही सैनिक दिल्ली को कूच कर गए। अगले दिन उन सैनिकों ने दिल्ली पहुंचकर बहादुरशाह जफर को भारत का स्वतन्त्र बादशाह घोषित कर दिया तथा दिल्ली में अंग्रेजों का कत्लेआम कर डाला।

दिल्ली में स्थित 4-5 सैनिक बटालियन भी मेरठ वाली सैनिकों के साथ मिल गई। तब दिल्ली में रेजिडेन्ट कमिश्नर साइमन फ्रेजर था और सम्पूर्ण भारतीय सेना अध्यक्ष जॉर्ज ऐनसन था जो ग्रीष्मकालीन के लिए शिमला गया हुआ था। भारत का अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड केनिग था जो कलकता रहता था। संग्राम के आरम्भ होने पर लार्ड केनिग ने ऐनसन को दिल्ली पर फिर से कब्जा करने बारे संदेश भेजा। तब तक दिल्ली में भारतीय स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या भी काफी हो चुकी थी। कारण यह कि बरेली, निमच, नसीराबाद, मथुरा, कानपुर आदि छावनियों से भी काफी संख्या में भारतीय सैनिक दिल्ली आने लग गए थे। परन्तु ज्यादातर भारतीय रजवाड़ों ने सेनानियों की सहायता नहीं की बल्कि पंजाब स्थित कुछ शासकों ने तो अंग्रेजों की खुलकर सहायता की थी जिनकी सहायता से अंग्रेज कमांडर ऐनसन अम्बाला में एक बड़ी सेना गठित करने में सफल हो गया था। वह सेना दिल्ली पर धावा बोलने के लिए करनाल के रास्ते 8 जून को समयपुर बादली पहुंच गई थी, लेकिन दिल्ली के अन्दर पड़ाव लगाए सेनानियों ने उस सेना से भीषण युद्ध करके वापस हटा दिया। अंग्रेजों की उस गठित सेना ने फिर दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव वाली रीज पर पड़ाव डाल लिया। यह 20 सितम्बर 1857 तक दिल्ली के अन्दर पहुंच ही नहीं सकी। मुख्य अंग्रेज कमांडर ऐनसन, फिर कमांडर ब्रनार्ड आदि की वहां मृत्यु हो गई थी। इसके बाद कमांडर मिस्टर रीड व आर्चडेल विलसन आदि ने पदभार सम्भाला और सेनानियों की कमांड बरेली के भक्तखां ने सम्भाल रखी थी। क्रान्तिकारियों को बहादुरशाह जफर समय पर वेतन आदि नहीं दे पाया और देशी रजवाड़ों की निष्क्रियता के कारण उनका मनोबल सितम्बर माह तक गिरना आरम्भ हो गया था। रिज स्थित अंग्रेज सेना व क्रान्तिकारियों के मध्य दिल्ली के बाहर चार मास में 32 बार टकराव हुआ।

उस अवधि में 1450 अंग्रेज अधिकारी मारे गए थे तथा झांसी, लखनऊ व बिहार आदि में भी क्रांति ने व्यापक रूप ले लिया था। अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।






दिल्ली में बाड़ा हिन्दुराव पर अंग्रेजों द्वारा बनाया स्मारक तथा शिलालेख पर 32 लड़ाइयों का विवरण अंकित है।

> अन्ततः अंग्रेज अपनी कूटनीति व समन्वय की वजह से 20 सितम्बर 1857 को दिल्ली पर अधिकार करने में सफल हो गए थे। स्वतन्त्रता संग्राम की भीषणता का आकलन उन द्वारा 1857 में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या से लगाया जा सकता है, जो विश्वयुद्ध में दिए गए 182 विक्टोरिया क्रॉस की संख्या के बराबर थी।

---

# संस्कृति के संवर्धन में लोक कलाओं की खास भूमिका : सोनिया

कलाकार **ओ.पी. पाल**

हरियाण की समृद्ध लोक संस्कृति के संवर्धन में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी कला को नई दिशा देने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि हरियाणवी कला, संस्कृति और परंपराओं की देश-विदेशों तक अलख जगाई है। ऐसे ही कलाकारों में प्रतिभावान सोनिया अपने लोक नृत्य की कला को ऐसी धार देने में जुटी हैं, जिसमें उनका लोक नृत्य, केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन को जोड़ने का सबब बनता जा रहा है। लोक नृत्य के साथ वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की विधा में अपने कदम बढ़ा रही हैं।

युवा लोक कलाकार सोनिया ने अपनी लोक कला के सफर को लेकर कुछ ऐसे पहलुओं को भी उजागर किया है, जिसमें वह अपनी कला लोक परंपरा और शास्त्रीय साधना से एक ऐसा सांस्कृतिक पुल बनाया जा सकता है, जो नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जोड़कर समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा देने में सक्षम है। हरियाणा की प्रतिभाशाली कलाकार सोनिया का जन्म 24 सितंबर 2001 को यमुनानगर जिले के ससोली गाँव के एक मध्यमवर्गीय परिवार में सुरेंद्र कुमार और करनैलो देवी के घर में हुआ। उनके परिवार में कोई सांस्कृतिक या कला का माहौल नहीं था। सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हुई, उनके पिता कभी-कभी रिक्शा चलाकर भी परिवार का पालन पोषण करने का प्रयास करते थे, जबकि माता नगर पालिका में कच्ची कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। कोरोना काल में उनके पिता का निधन हो गया। तब वह गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में स्नातक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही मां ने बेटे के अभाव में भी घर में तीन बेटियों का आत्मबल कभी कम नहीं होने दिया और आर्थिक चुनौतियों के बीच धैर्य और एकजुटता से आगे बढ़ने की शक्ति दी। बकौल सोनिया उन्हें बचपन से ही नृत्य में अभिरुचि थी। जब भी कोई फिल्म देखती, तो उसके नृत्य को कॉपी करने की कोशिश करती और उसके संवादों की तरह अभिनय भी करती थी। कभी कमरे में अकेले, तो कभी किसी पारिवारिक आयोजन में जैसे ही संगीत बजता या कोई सीन मन को छूता, मेरा मन नृत्य और अभिनय की ओर खिंच जाता था। समय के साथ यह रुचि ही उनकी साधना बन गई और अब लोकनृत्य ही उसकी कला की पहचान बन चुकी है। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा के दौरान यूथ फेस्टिवल में उन्हें हरियाणवी लोक नृत्य के ग्रुप डांस में भाग लेने का अवसर मिला,जहां उनकी कला को मिली सराहना ने आत्मविश्वास को ऐसे बढ़ाया कि उनका मन पूरी तरह नृत्य में रच-बस गया। कॉलेज में ही उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य की बारीकियां सीखीं, जिसके बाद उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करना शुरू किया। इसी दौरान उन्हें स्वर्गीय सिंगर राजू पंजाबी के साथ एक गाने में मुख्य भूमिका में भी काम करने का अवसर मिला। परिवार और समाज के कुछ लोग शुरू में रोक-टोक करते थे, पर उन्होंने हार नहीं मानी। जब उन्होंने हरियाणवी लोकनृत्य और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, तब यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि आत्मा की पुकार थी।

युवा लोक नृत्य कलाकार सोनिया का कहना है कि हमारी लोक नृत्य, संगीत, और रंगमंच जैसी पारंपरिक कलाओं को कहीं न कहीं संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका कारण डिजिटल माध्यमों ने मंचों को स्क्रीन में बदल दिया है। हरियाणवी लोक नृत्य, रंगमंच और संगीत जैसे पाठ्यक्रमों को स्कूली स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को लोक कला और नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए, ताकि कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके, जिससे वे अपनी कला को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सकें।





### हरियाणवी संस्कृति सर्वोपरि

सोनिया अपनी कला को केवल मंच की प्रस्तुति नहीं, बल्कि आत्मिक यात्रा मानती है। हरियाणवी लोक नृत्य में गांव की मिट्टी की सोंधी खुशबू, भाषा, लोकगीत, हंसी-मजाक और संघर्ष सब कुछ समाहित करते हुए हरियाणा संस्कृति को सर्वोपरि रखा है। अब सोनिया का झुकाव भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ओर भी है, जिसकी विद्या को पूरी श्रद्धा और लगन से सीख रही है, क्योंकि इसमें केवल ताल और गति नहीं, बल्कि गहराई से भाव, कथा और आत्मिक अनुशासन छिपा है। उनका कहना है कि अपनी कला में उनका लक्ष्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का है, ताकि समाज को सकारात्मक विचारधारा के साथ नई दिशा मिल सके और उनकी कला मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कृति का वाहक बनकर धर्म, संस्कार और आत्म-चिंतन से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप



### ट्रस्ट ने मेधावी छात्रा को साइकिल की भेंट

**रोहतक।** अग्रसेन चौक स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल करौंथा की मेधावी छात्रा को साइकिल भेंट की गई। मुख्य अतिथि डीपीआरओ संजीव सैनी, मनमोहन कथूरिया ने कहा कि ट्रस्ट समाज सेवा में बेहतरीन कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्रा शिक्षित बनेंगे तभी देश तरक्की करेगा। इस मौके पर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सुशील गुप्ता, मुकेश गुप्ता, देशराज बंसल, कृष्ण रंजन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### झूला बना फंदा, मासूम की दम घुटने से मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बरहाणा में खेलते समय करीब पांच फुट ऊंची खूंटी पर चुन्नी की सहायता से बनाया गया झूला आठ वर्षीया मासूम के गले का फंदा बना गया और दम घुटने के कारण मासूम की मौत हो गई। जब तक परिजनों को पता चला वे उसे संभालते तक मासूम दम तोड़ चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### समाज को ऊर्जा देगा परशुराम जयंती समारोह

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 30 मई को रोहतक के पहरावर में प्रस्तावित भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह से समाज को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने सर्व समाज की सहमति से सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के संयोजक बनाने की घोषणा भी की। रविवार बाद दोपहर डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ के हाल में सर्व समाज की प्रदेश सरकार द्वारा 30 मई को पहरावर में भगवान परशुराम जयंती पर प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।

## घरफूंक थियेटर सीरीज में नाटक को शशांक साशा ने किया निर्देशित

# बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों को दर्शाने वाले हास्य नाटक 'हाय हैंडसम' के हास्य-व्यंग्य से भरपूर और दिल को छू लेने वाले मंचन ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सप्तक द्वारा पठानिया वर्ल्ड कैंपस के सहयोग से आयोजित घरफूंक थियेटर सीरीज में इस बार नाटककार जयवर्धन द्वारा लिखित हास्य नाटक 'हाय हैंडसम' का सफल मंचन किया गया। स्थानीय सोसर्ग स्टूडियो में दिल्ली की क्रिएटिव आर्ट ग्रुप सोसायटी की ओर से शशांक साशा द्वारा निर्देशित यह नाटक जीवन का सार समझाता है कि बुढ़ापे में एक व्यक्ति को अपना अकेलापन दूर करने के लिए एक साथी की जरूरत होती है। ऐसा साथी, जो उसकी बात सुने और अपनी कहे, क्योंकि बच्चे अपनी जिंदगी में व्यस्त होने के कारण अक्सर अपने बूढ़े माता-पिता को भूल जाते हैं।

### नाटक की कहानी कर्नल कपूर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो उत्साही और अकेले सेवानिवृत्त सेना अधिकारी हैं

#### कलाकारों ने जीवंत अभिनय से दर्शकों की खूब दाद बटोरी

बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों को दर्शाने वाला नाटक 'हाय हैंडसम' हास्य-व्यंग्य से भरपूर और दिल को छू लेने वाला है। नाटक की कहानी कर्नल कपूर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक उत्साही और अकेला सेवानिवृत्त सेना अधिकारी है और दादा बनने की खुशी के लिए तरसता है। वह अपने बेटे और बहू से परिवार शुरू करने का आग्रह करता है, लेकिन उसकी उम्मीदें बार-बार धराशायी हो जाती हैं क्योंकि उसकी बहू मातृत्व की तुलना में अपने मॉडलिंग करियर पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है और बेटा कायर होने के साथ-साथ मूर्ख भी है तथा सारा समय पूजा-पाठ में लगा रहता है। इस पारिवारिक तनाव के बीच, कपूर की मुलाकात सीता देवी से होती है, जो उनकी समधन है और अपने जीवन के अंतिम वर्षों में भी एक सुंदर और अकेली महिला है। उन दोनों की दोस्ती एक सामान्य रिश्ते के रूप में शुरू होने के बाद एक ऐसे गहरे बंधन में बदल जाती है, जो अक्सर वरिष्ठ नागरिकों के भावनात्मक जीवन को नकारने वाले सामाजिक मानदंडों को चुनौती देता है। उनकी बढ़ती हुई निकटता परिवार के भीतर हास्य, भ्रम और अंततः समझ का स्रोत बन जाती है। नाटक में राहुल भाटिया ने कर्नल कपूर (कर्नल), शशांक साशा ने स्वामी (बेटा), अंजली लोहिया ने मंदा (बहू), गौरी भारद्वाज ने सीता (समधन) और अक्की सिंह ने कमाल (नौकर) की भूमिकाओं को साकार किया। सभी ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों की खूब दाद बटोरी।





**रोहतक।** नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। *फोटो: हरिभूमि*

#### लोगों को खूब हंसाया

मजाकिया संवादों और प्यारे पलों के जरिए, हाय हैंडसम एक मजबूत संदेश देता है कि प्यार, साथ और भावनात्मक संतुष्टि इंसान की अंतहीन जरूरतें हैं जो किसी खास उम्र की मोहताज नहीं होतीं। यह नाटक दर्शकों को यह सोचने के लिए भी प्रेरित करता है कि हम अपने बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। यह एक मनोरंजक लेकिन विचारोत्तेजक प्रस्तुति थी जो दर्शकों के मानसपटल पर एक स्थायी छाप छोड़ने में सफल रही। नाटक ने न केवल लोगों को खूब हँसाया, बल्कि उन्हें बुजुर्गों की मनोस्थिति के बारे में भी बखूबी अवगत करवाया।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर घरफूंक थिएटर सीरीज के क्रिएटर विश्वदीपक त्रिखा, सप्तक के अध्यक्ष अविनाश सैनी, मशहूर नगाड़ा वादक सुभाष नगाड़ा, कपिल सहगल, आशीष नेहरा, प्रदीप चाहर, अनिल सैनी, पंकज शर्मा, शक्ति सरोवर त्रिखा, पवन गहलौत, विकास रोहिल्ला, ललित शर्मा, राहुल हुड्डा, जगदीप सिंह, पूनम सिंह, हरदीप सिंह, अमित शर्मा सहित अनेक नाटक प्रेमी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष योजना में संशोधन

# जरूरतमंदों को इलाज के लिए तुरंत सहायता :डीसी

जो पीड़ित आयुष्मान के तहत कवर नहीं होता उसे तुरंत राहत मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा गरीब व्यक्तियों को इलाज के लिए तुरंत प्रभाव से लाभ सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष योजना चल रही है। सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष योजना में संशोधन किया है। अब 3 बीमारियों के इलाज के स्थान पर लगभग 25 बीमारियों के इलाज के लिए पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। डीसी ने कहा है कि जो जरूरतमंद व पीड़ित व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर नहीं होता, उन व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि ऐसे व्यक्ति को भी स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके। योजना के तहत लाभ लेने के लिए पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अपलोड करने वाले जरूरी दस्तावेजों की अच्छे से जांच कर ले, ताकि संबंधित को बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिलने में कोई बाधा न हो।



उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

#### सरल पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

*डीसी ने कहा है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदक अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेज को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए अब चंडीगढ़ मुख्यालय से स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि जिला स्तर पर ही उपायुक्तों की अध्यक्षता में गठित कमेटी को प्राप्त आवेदन पत्रों की स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार दिया गया है।*



### 152वें निःशुल्क शिविर में 86 की जांच

**रोहतक।** महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 152वां निशुल्क फिजियोथैरेपी, शुगर व बीपी जांच का कैम्प महावीर जैन चेरिटेबल डिस्पेंसरी गुलाब रेवड़ी चौक बड़ा बाजार में लगाया गया। संचालक राजेश जैन ने बताया कि रोटरी क्लब रोहतक सफायर द्वारा डिस्पेंसरी में एसी भेंट किए गए। इस शिविर में 86 मरीजों की फिजियोथैरेपी की गई व मरीजों का शुगर व बीपी भी चैक किया गया। डिस्पेंसरी द्वारा सभी मरीजों को फ्री में दवाईयां भी दी गई। इस अवसर पर विनोद जैन, गौतम जैन, विजय तायल, नरेश जैन, सुधीर जैन, मनोज जैन, ईश्वर गुप्ता, गोपी कोचर, विकास गुप्ता, फिजयोथरेपिस्ट डॉ. कार्तिक तंवर, डॉ. पूर्णिमा आदि मौजूद रहे।



### साहित्यकारों का दल सिरसा के लिए रवाना

**रोहतक।** रविवार को रेड क्रॉस भवन से साहित्यकारों का एक दल सिरसा के लिए रवाना हुआ। इसकी अगुवाई डॉ अनूप बंसल 'मधुकान्त' कर रहे हैं। दल में आशा लता खत्री , डॉ. अर्चना गर्ग , अर्चना कोचर जी डॉ. चंद्र दत्त 'चंद्र' डॉ. रमा कांता शामिल हैं। दल की संयोजिका डॉ. कांता ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्यजनता में हरियाणा की संस्कृति, कला, साहित्य चेतना जागृति के साथ साथ हरियाणवी बोली को सम्मान दिलाना है। यह यात्रा हांसी, हिसार, फतेहाबाद में आम जनता से बातचीत करते हुए सिरसा पहुंचेगी। ये डॉ. कांता ने बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा का समापन सिरसा में होगा। जहां राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा व बाहर के साहित्यकार सम्मिलित होंगे। इस समारोह में रोहतक व बाहर के सभी साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणवी इन्नोवेटिव फिल्म संगठन के अध्यक्ष व हरियाणा लोक मंच/फिल्म के रंगकर्मी जनार्दन शर्मा ने अपनी शुभकामनाएं व शुभ आशीष के साथ हरी झंडी दिखाकर विदा किया। रोहतक रेडक्रॉस सेक्रेटरी श्याम सुंदर, साहित्यकार प्रो. श्याम लाल कौशल, जगबीर कौशिक, कृष्ण लाल, समाज सेवी रमेश, संदीप वशिष्ठ उपस्थित रहे।

# लेजर गाइडेड मिसाइल विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत भौतिकी विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान का विषय लेजर गाइडेड मिसाइल रहा, जिसमें रक्षा तकनीक से संबंधित अत्याधुनिक जानकारी साझा की गई। मौके पर प्रो. परवीन, भौतिकी विभाग पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय ने लेजर तकनीक के सिद्धांत, उनके सैन्य और रक्षा क्षेत्र में अनुप्रयोग तथा आधुनिक मिसाइल प्रणालियों में उनकी भूमिका के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय के डीन डॉ. मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण भट्ट ने की, जबकि मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी ने किया। इस अवसर पर डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. संगीता मलिक, सह-संयोजक डॉ. मीनाक्षी, भौतिक विज्ञान क्लब के प्रभारी डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. संगीता मलिक सहित अन्य उपस्थित रहे।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में अतिथि का स्वागत करते डॉ. प्रवीण भट्ट। *फोटो: हरिभूमि*

- बाबा मस्तनाथ विवि के विज्ञान संकाय के अंतर्गत कार्यक्रम

# जेपी गौड़ को प्रिन्टर्स गौरव सम्मान

- प्रिंटर्स एसोसिएशन की सालाना बैठक में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

प्रिंटर्स एसोसिएशन की सालाना बैठक एवं रक्तदाता प्रेरक जेपीगौड़ को 'प्रिन्टर्स गौरव सम्मान' समारोह सिविल रोड में आयोजित की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता विक्रम आर्यने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रधान महेन्द्र अरोड़ा व अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान एवं संरक्षक शेखर जिन्दल रहे।

प्रधान महेन्द्रा अरोड़ा ने बताया सर्वप्रथम शहीदों एवं पहलगाम में जीवन न्यौछावर करने वाले निर्दोष जनों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और सेना द्वारा चलाए गए ऑप्रेशन सिंदूर की प्रशंसा की गई। कोषाध्यक्ष विजय तनेजा ने बताया कि प्रिंटर एसो उपप्रधान एवं रक्तदाता प्रेरक जेपी गौड को रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर अभूतपूर्व कार्य करने के लिए 'प्रिन्टर्स गौरव सम्मान' से नवाजा गया है। इससे पहले भी जेपीगौड़ दो बार राज्यपाल हरियाणा सरकार एवं प्रशासन व रोहतक की सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किए जा चुके हैं। वे वर्तमान में जिला रेडक्रास सोसायटी, रोहतक के सदस्य भी हैं। मौके पर प्रधान महेंद्र अरोड़ा, पूर्व प्रधान शेखर जिन्दल, महासचिव योगेश कुमार, विक्रम शास्त्री, संजय सैनी, रमेश खुराना, अमन विरमानी एवं सदस्य मौजूद रहे।



## गुरुदेव उपेंद्र मुनि महाराज के जन्मोत्सव पर धर्म ध्यान, सामयिक साधना और प्रवचन



**रोहतक।** रक्तदाता को सम्मानित करते मुख्यअतिथि समाजसेवी राजेश जैन। *फोटो: हरिभूमि*

**रोहतक।** जनता कॉलोनी स्थित जैन स्थानक में प्रज्ञा महर्षि पंडित रत्न शास्त्री गुरुदेव उपेंद्र मुनि महाराज के 62वें जन्मदिवस के अवसर पर एक भव्य धर्म ध्यान, सामयिक साधना, प्रवचन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंच परमेष्ठि युवा मंडल एवं अपना बुक बैंक द्वारा आयोजित 14वें रक्तदान शिविर में 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश जैन मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए जनसेवा और आध्यात्मिक साधना के इस अद्भुत समन्वय की सराहना की।

इस धर्मिक आयोजन में हज़ारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी श्रद्धालु सामायिक साधना में लीन होकर आध्यात्मिक शांति की अनुभूति से अभिभूत हुए। सभी ने भक्ति भाव से गुरुदेव का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया।

# सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

- स्कूल हेड बॉय पारस और हेड गर्ल ओमीषा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह (इन्वेस्चर सेरेमनी) का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि लाइफ कोच चन्द्र ज्योति रही। समारोह में छात्रों को उनकी प्रतिभा, प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के आधार पर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि अलंकरण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कर्तव्य और नेतृत्व कौशल की भावना को विकसित करना है। सीबीएसई परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल हेड बॉय पारस और हेड गर्ल ओमीषा रहीं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, स्कूल सॉन्ग और नृत्य ने समारोह को भावनात्मक रंग प्रदान किया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन सपना परमार, मीनू हुडा, अनुराग दांगी, खेल प्रबंधक विकास, योगिता और उनकी टीम द्वारा किया गया। समारोह का स्टेज संचालन ऋतु विज, शिव शंकर, अमित नरवाल और अन्य अध्यापकों द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।




## रोहतक को मिला विश्वस्तरीय डायग्नोस्टिक सेंटर, एक ही छत के नीचे मरीजों को मिलेगी सभी जांच की सुविधाएं

# नारूला डायग्नोस्टिक सेंटर और पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट के फ्लैगशिप सेंटर का उद्घाटन

**रोहतक।** रोहतक में रविवार को नारूला डायग्नोस्टिक सेंटर और पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट के फ्लैगशिप सेंटर का उद्घाटन मेडिकल मोड़, पीजीआई के पास हुआ। यह अत्याधुनिक सेंटर नवीनतम मेडिकल एवं डायग्नोस्टिक तकनीकों से सुसज्जित है और इसका उद्देश्य एक ही छत के नीचे सटीक और मरीज-केंद्रित डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करना है।

सेंटर की प्रमुख विशेषता है हरियाणा की पहली और भारत की सबसे उन्नत एमआरआई स्वीट, जिसमें मरीज की सुविधा के लिए एम्बियंट लाइटिंग और ऑडियो-विजुअल सिस्टम मौजूद हैं। यह स्कैन के दौरान होने वाली घबराहट को कम करने और आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई-सक्षम वाइड-बोर एमआरआई बहुत कम समय में अत्यधिक सटीक परिणाम देने में सक्षम है।



- नारूला डायग्नोस्टिक्स जिसकी स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी

#### सेंटर में उपलब्ध प्रमुख जांच सेवाएं

- कार्डियक सीटी स्कैन
- डिजिटल मैमोग्राफी और डिजिटल एक्स-रे
- डेक्सा स्कैन (हड्डियों की जांच)
- ऑडियोमेट्री
- अल्ट्रासाउंड इमेजिंग
- ओपीजी (ऑर्थोपैंटोमोग्राम)
- यूरोफ्लोमीट्री

#### पूरी तरह स्वचालित पैथोलॉजी और आणविक प्रयोगशाला

इस भव्य उद्घाटन समारोह में 1500 से अधिक डॉक्टरों, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स एवं हरियाणा के विशिष्ट जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु , विधायक बीबी बत्रा, पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर , आनंद सिंह डांगी, तथा डॉ. सुरेश सिंगल, निदेशक, पीजीआई रोहतक ,एलपीएस के एमडी राजेश जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। डॉ. अरुण नारूला, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, नारूला डायग्नोस्टिक्स ने अपने विशेष संबोधन में इस सेंटर को रोहतक की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सेंटर रोहतकवासियों के द्वारा पिछले लगभग 75 वर्षों से नारूला डायग्नोस्टिक्स में जताए गए विश्वास का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि इस सेंटर का उद्देश्य सबसे नई और बेहतरीन तकनीक को सुलभ कीमत पर रोहतक के लोगों तक पहुंचाना है, ताकि उन्हें बेहतर जांच के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े। नारूला डायग्नोस्टिक्स, जिसकी स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी, रोहतक का पहला डायग्नोस्टिक सेंटर था और यह आज भी स्वास्थ्य जांच सेवाओं में गुणवत्ता की मिसाल कायम कर रहा है।



मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# देश में तेजी से बदल रहा स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा : प्रो. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा तेज़ी से बदल रहा है। अब प्राथमिकता केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन को भी उतना ही महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसे सरकारी कार्यक्रमों के तहत 1,50,000 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें पब्लिक हेल्थ प्रोफेशनल्स की आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लेकिन चिंताजनक पहलू यह है कि भारत में वर्तमान में पब्लिक हेल्थ डोमेन में केवल 500 स्नातक प्रतिवर्ष तैयार हो रहे हैं, जबकि आवश्यकता 10,000 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनइपी-2020) के तहत भी सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिए मल्टीडिसिप्लिनरी प्रोग्राम्स को प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें पब्लिक हेल्थ एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

## क्या है पब्लिक हेल्थ और क्यों है इसकी जरूरत

पब्लिक हेल्थ वह क्षेत्र है जो समाज की सेहत को बेहतर बनाने पर केंद्रित होता है, बीमारियों की रोकथाम, पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, जनसंख्या नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य और महामारी नियंत्रण इसके मुख्य उद्देश्य हैं। आने वाले वर्षों में भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञों की भारी मांग रहने वाली है।

## सरकारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर

केंद्र और राज्य सरकारें पब्लिक हेल्थ कैडर के निर्माण पर जोर दे रही हैं, जिससे स्नातक एवं परास्नातक छात्रों के लिए सरकारी सेवाओं में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, गेट्स फाउंडेशन, जैसे संस्थानों के अलावा कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां अब भारत में पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम्स चला रही हैं। पब्लिक हेल्थ प्रोफेशनल्स को मैनेजमेंट एनालिस्ट, हेल्थ स्पेशलिस्ट, हेल्थ काउंसलर, प्रोफेसर, रिसर्च साइंटिस्ट, लैब टेक्निशियन आदि के रूप में कार्य करने के अवसर मिल रहे हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंस (यूआइपीएचएस) की स्थापना की है। यहां चार वर्षीय बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंसिस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है, जो 12वीं (विज्ञान संकाय) के बाद करियर की तलाश कर रहे छात्रों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

### 12वीं विज्ञान वर्ग के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य



**प्रवेश पात्रता:** 12वीं विज्ञान वर्ग के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। संस्थान के निदेशक प्रो. मनीष गर्ग ने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समुदाय, नीति, जीवनशैली और जागरूकता से जुड़ा व्यापक विषय है। हमारा उद्देश्य ऐसे पब्लिक हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करना है जो वैश्विक मानकों पर खरे उतरें और समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकें। अगर आप समाज की सेवा करते हुए एक सुरक्षित और सम्मानजनक करियर बनाना चाहते हैं, तो पब्लिक हेल्थ आपके लिए एक आदर्श विकल्प है। न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस क्षेत्र के पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। 12वीं के बाद यह एक ऐसा कोर्स है जो आपको करियर की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

## खबर संक्षेप



रोहतक। पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिए रवाना करते प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल। फोटो : हरिभूमि

### श्री बालाजी धाम डोभ पर पहुंची पैदल ध्वजा यात्रा

**रोहतक।** शनि देव मित्र मंडल तेज कॉलोनी द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 8:30 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिए रवाना हुई। संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर व भंडारा एवं मीठे पानी की छबीली लगाई गई। श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचंड कर यात्रा की शुरुआत की। सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्री बालाजी धाम डोभ पहुंचे। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में आंख, दांत, फ़िज़ियोथेरेपी, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं, दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं। वहीं इस दौरान बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ, जिसमें मोहन आर्य, विनोद गुप्ता, पूनम सैन, अमित कौशिक ने सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया, साथ ही रिंकू महादेव द्वारा झाकियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता, हर्षित कोचर, बिट्टू दुआ, नन्दन मिश्रा, शिवम कत्याल, कुशाल, वंश चुघ, विशाल, सुनील नागर, पूजा दुआ, संदीप पांडे, मन मोहन, रवि चिटकारा, राजेश गोयल, दीलिप पांडे, डॉ. अशोक रोहिल्ला, पंडित नरेश कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### हिमालयन हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**रोहतक।** हेफेड रोड प्रेम नगर स्थित हिमालयन हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा योगिता ने 500 में से 483 (96.6 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लक्ष्य ने 477 (95.4 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय में दूसरा स्थान तथा पुनीत ने 466 (93.2 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 27 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय की मुख्याध्यापिका संतरा दहिया ने सभी छात्रों, अभिभावकों व अध्यापकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी व सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें भविष्य में अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# सैमाण गांव में टूटा पड़ा है बाइपास रोड, पशुओं के पैर हो रहे हैं खराब

## वाहन चालकों व राहगीरों को भी हो रही परेशानी, गांव में दो ग्राम पंचायत

■ तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल ने इस रोड का निर्माण 1987-88 में करवाया था


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सैमाण गांव में दो ग्राम पंचायत हैं। ग्रामीणों ने सोचा था कि दो पंचायतें बन जाने के बाद गांव का विकास होगा। पिछले पंचायत चुनाव में यहां सैमाण टोडरपाना के नाम से दूसरी पंचायत बनाई गई थी। लेकिन दो पंचायतों के इस गांव में ग्रामीण कई विकास कार्य होने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या इस गांव का बाइपास रोड बनी हुई है। करीब एक किलोमीटर लंबे इस पीडब्ल्यूडी रोड में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिस वजह से पशुओं के पैर खराब हो रहे हैं। वाहन चालकों और राहगीरों का भी यहां से निकलना दुभर हो गया है। यह गांव महम से बास रोड पर स्थित है। पुट्ठी, बास, सैमाण और महम की ओर जाने वाले वाहन चालकों को टूटी हुई सड़क की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



महम। बाइपास रोड के निर्माण की मांग को लेकर बैठक में चर्चा करते सैमाण गांव के ग्रामीण।

सैमाण गांव के सतगुरु मंदिर के महंत सतीश दास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किताब सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार उर्फ काला, बलबीर प्रधान, लीलू, रामफल, हरिओम, सूबेदार सूरजभान व वेदप्रकाश सेठ ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल ने इस रोड का निर्माण 1987-88 में करवाया था। यह रोड हिसार और रोहतक जिले को आपस में जोड़ता है। कई साल पहले इस रोड की मरम्मत की गई थी। लेकिन वह सड़क जल्द ही फिर से टूट गई। अब फिर कई साल से यह रोड टूटा पड़ा है। सड़क टूट जाने से वाहन चालक अपने वाहनों को गांव की बस्ती के बीच से लेकर आते हैं। जिस वजह से हादसे का खतरा बना रहता है और समय भी ज्यादा लगता है।



# फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में 167 मरीजों को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय सैनिकों की सेवा के सम्मान में अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल व भारत विकास परिषद भगवती शाखा बेरी के सहयोग से फ्री मेडिकल चेकअप कैंप पुरानी गौशाला बेरी में लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ रहे।

अथर्व आयुर्वेद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजीव मदान ने बताया कि कैंप में मेडिसिन से डॉ प्रिंस गिरोत्रा, स्त्री प्रसूति विशेषज्ञ डॉ सुप्रिया, आंख, कान, नाक गले की विशेषज्ञ डॉ माधवी, बवासीर, भगंदर, फिशर के रोगियों की जांच सर्जन डॉ शुभम ने की। नेचरोपैथी विशेषज्ञ डॉ अमित वर्मा ने रोगियों का चेकअप किया।

पुराने दर्दों व जोड़ों के जकड़न से परेशान रोगियों को अग्निकर्म से तुरंत लाभ मिला। अग्निकर्म में डॉ संजीव मदान के साथ डॉ डेनिश व डॉ नेहा ने सहयोग दिया। कैंप में 167 मरीजों की फ्री जांच की गई। कैंप में सभी रोगियों की निशुल्क बीपी, शुगर की जांच की गई, जिसमें अंजू, प्रीति, दीपक ने सहयोग किया।

# 52 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की



**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें विद्या प्रकाश पब्लिक स्कूल कन्हेली रोड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा हिमांशी ने 500 में से 480 (96 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जिया ने 472 (94 .4 प्रतिशत) व काफी ने 472 (94 .4 प्रतिशत) और तनु ने 472 (94 .4 प्रतिशत) अंक लेकरन दूसरा स्थान प्राप्त किया। हिमांशी पुत्री सुनील ने 471 (94 .2 प्रतिशत) अंक लेकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कुल 88 विद्यार्थियों में से 52 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार ने सभी छात्रों, अभिभावकों व अध्यापकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी व सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसो. ने की बैठक, समस्याओं की चर्चा

**रोहतक।** सेक्टर-3 के सामुदायिक केंद्र में ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से एसोसिएशन प्रधानरणबीर सिंह छिल्लर एवं संयोजक कदम सिंह अहलावत ने की। बैठक में सभी सेक्टरों की मूलभूत समस्याओं के बारे में चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपायुक्त व नगरनिगम आयुक्त को जरूरी समाधान के लिए इन समस्याओं से अवगत करवाया जाएगा। जिसके लिए संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार) को उनसे मुलाकात करेगा। बैठक में धनराज रंगा सेक्टर-1, कृष्ण लाल मग्घु सेक्टर-2, सुखबीर हुड्डा व कपूर सिंह ढाका सेक्टर-3, डा. रणजीत सिंह मलिक सेक्टर-4, सुखबीर माथुर सेक्टर-4 एक्सटेंशन, संतलाल बुधवार सेक्टर-14 आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# 96% अंक लेकर न्यू हरियाणा स्कूल में जतिन ने मारी बाजी

■ कक्षा दसवीं में 32 में से 12 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की, जिनके अंक 90 से 96 प्रतिशत तक रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यू हरियाणा स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक जेएस बूरा ने बताया कि हमारे विद्यालय में कक्षा दसवीं में कुल 32 विद्यार्थी थे। जिसमें से 12 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की, जिनके अंक 90 से 96 प्रतिशत तक रहे। बाकी सभी विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत के करीब अंक हासिल किए। जेएस बूरा ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि छात्र जतिन ने 96 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। स्कूल में सभी विद्यार्थी, अध्यापक और अभिभावक इकट्ठा हुए और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। स्कूल प्राचार्य मंजू बूरा ने सभी बच्चों को अच्छा परिणाम आने पर बधाई दी।



**रोहतक।** विद्यार्थियो का मिठाई खिलाकर बधाई देते स्कूल के निदेशक जेएस बूरा व अन्य स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पंचायत मंत्री करेंगे शहीद स्मारक का उद्घाटन

**सांपला।** भैंसरु खुर्द में पंचायत द्वारा राजकीय हाई स्कूल के साथ शहीद स्मारक बनाया गया है। जिसका आज पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार उद्घाटन करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा व जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका भी मौजूद रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# भाखड़ा डैम बोर्ड में हरियाणा के अधिकारी नहीं, 21 तक चलेगा खेल : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यदि भाखड़ा डैम बोर्ड में हरियाणा के अधिकारी होते यह हालात नहीं होते। पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा का पानी रोकने पर कहा कि 21 मई तक का सारा खेल है। इसके बाद बिजाई का सीजन शुरू हो जाएगा, पानी तो आएगा ही, लेकिन यह सब खेल हो रहा है। वे रविवार को अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाखड़ा बोर्ड में एक चेयरमैन और 2 परमानेंट सदस्य होते हैं, जिसमें एक हरियाणा का होता है। लेकिन आज तक भाखड़ा बोर्ड में हरियाणा का सदस्य नहीं है। भाखड़ा सर्कल का एसडीओ हरियाणा का होता है, जो आज तक नहीं है। एक चीफ इंजीनियर होता है, वह भी नहीं है।

**डबल इंजन सरकार की लापरवाही से रुका पानी:** भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाखड़ा का पानी डबल इंजन सरकार की लापरवाही के कारण रुका है। पिछले 11 साल से भाखड़ा बोर्ड में हरियाणा के सदस्य नहीं हैं। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने जो जासूस पकड़े हैं, यह गंभीर मामला है।

# बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो की राज्य कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में राज्य प्रधान शर्मिला देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक का संचालन महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने किया। बैठक में राज्य कमेटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी जिलों के प्रधान, सचिव और अन्य वरिष्ठ कर्मचारी साथियों ने भाग लिया। बैठक में बहुउद्देशीय वर्ग के कर्मचारियों की जायज मांगों और समस्याओं पर गहन चर्चा की गई।राज्य प्रधान शर्मिला देवी ने बताया कि बहुउद्देशीय वर्ग की लम्बे समय से लंबित मांगों को लेकर जल्द ही सरकार व अधिकारियों से वार्ता की जाएगी, ताकि समाधान शांतिपूर्ण बातचीत के माध्यम से सुनिश्चित हो सके। महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन द्वारा हमारी मांगों को अनदेखा किया गया तो एसोसिएशन आंदोलन करने को बाध्य होगी।



## हादसे होने की बनी रहती है आशंका, वाहन क्रॉस करने की जगह नहीं

# राजमार्गों के टी प्वाइंट पर किशनगढ़ में लगे कूड़े के ढेर



महम। किशनगढ़ गांव में महम भिवानी रोड पर महम कलानौर हाइवे के टी प्वाइंट पर लगे कूड़े के ढेर दिखाता ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम से भिवानी रोड पर किशनगढ़ गांव में महम कलानौर मार्ग का टी प्वाइंट बनता है। यहां पर दो राजमार्ग आपस में मिलते हैं। इस टी प्वाइंट पर कूड़े के बड़े बड़े ढेर लगे हुए हैं। जिस वजह से यहां पर रोजाना हादसे हो रहे हैं। वाहन चालकों ने हाइवे के ऊपर लगे कूड़े के इन ढेरों को हटाने की मांग की है। किशनगढ़ गांव के लोगों ने भी इस मलबे को हटाने की मांग की है। ताकि यहां पर कोई बड़ा हादसा न हो।

किशनगढ़ गांव निवासी रणबीर सिंह, रामपाल, दलबीर, सतबीर, चांदराम और नारायण ने कहा कि यहां हाइवे पर भारी मात्रा में पड़े इस मलबे को ग्राम पंचायत अथवा प्रशासन द्वारा हटाया जाना चाहिए। साथ ही गांव में इस बारे में यहां कूड़ा न डालने के लिए मुनादी करवानी चाहिए, ताकि यहां पर लगे कूड़े के ढेर हादसे का कारण न बनें। पूर्व पुलिस अधिकारी रणबीर सिंह मलिक ने बताया कि सड़क के ऊपर पड़ा कूड़ा तुरंत हटाया जाना चाहिए, क्योंकि यहां कई हादसे हो चुके हैं। यहां पर सामने से कोई वाहन आ रहा होता है तो साइड में वाहन क्रॉस करने की जगह नहीं मिलती, जिस वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। पुलिस विभाग को भी इस मामले में दखल देना चाहिए। क्योंकि जिस तरह से यहां हादसे हो रहे हैं, उससे लगता है किसी भी समय यहां किसी वाहन चालक या यात्री की जान जा सकती है।

■ वाहन चालकों ने की हाइवे के ऊपर लगे इस कूड़े के ढेर को हटाने की मांग